Title: Need to introduce air service from Surat to other important cities of the country. -- Laid.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी):अध्यक्ष महोदय, गुजरात का दक्षिण प्रान्त सूरत एक औद्योगिक एवं व्यापार का मुख्य केन्द्र है और यहां के हीरा उद्योग और कपड़ा उद्योग पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां के व्यापारी और उद्योगपति अपने कार्यो के लिए यहां से दूसरे प्रांतों को जाते हैं और दूसरे प्रांत के लोग भी सूरत शहर में आते हैं, परंतु यहां पर जो एयरपोर्ट है, उसका प्रयोग कमर्शियल रूप से नहीं हो रहा है, जिसके कारण व्यापारियों और उद्योगपतियों को बहुत ही दिक्कत हो रही है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सूरत शहर से अन्य प्रान्तों के शहरों को हवाई जहाज सेवा शुरू की जाये।